C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 203 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार, 14 जनवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## कोटा के चौराहों को मिली नई पहचान, केडीए बोर्ड बैठक में बड़े फैसले

### अब नए नामों से पहचाना जाएगा शहर , बदले गए प्रमुख चौराहों के नाम

भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।

**गर्वित ।** शहर की पहचान से जुड़े चौराहों के नाम अब नए स्वरूप में नजर आएंगे। कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए) की बोर्ड बैठक में शहर के प्रमुख चौराहों के नाम बदलने सहित कई अहम फैसले लिए गए। नगरीय विकास विभाग के नए सर्कुलर के अनुरूप लिए गए इन निर्णयों से जहां शहर की ऐतिहासिक-सांस्कृतिक पहचान को नया आयाम मिलेगा, वहीं केडीए की प्रक्रियाएं भी पहले से अधिक सरल और पारदर्शी होंगी। कोटा विकास प्राधिकरण की यह बोर्ड बैठक प्राधिकरण अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में तय किया गया कि एरोड्रम से सीएडी की ओर जाने पर पड़ने वाला पहला और वर्षों से 'घोड़े वाले बाबा चौराहा' के नाम से पहचाना जाने वाला चौराहा अब टीलेश्वर चौराहा कहलाएगा। इस स्थान पर पहले से स्थित



घोड़े की प्रतिमा के कारण यह नाम प्रचलन में था, लेकिन पास ही स्थित टीलेश्वर मंदिर के कारण अब इसे नया नाम दिया गया है। इसी तरह विवेकानंद नगर स्थित टोटका चौराहा का नाम बदलकर भगवान बिरसा मुंडा चौराहा किया गया है, जबकि एमबीएस मार्ग स्थित सर्किल को अब सैन महाराज सर्किल के नाम से जाना जाएगा।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि ऑनलाइन नामांतरण प्रक्रिया को और अधिक सरल बनाया जाएगा। अब आवेदकों से उनके मकान या भूखंड के फोटोग्राफ नहीं लिए जाएंगे। नामांतरण की प्रक्रिया केवल वैध दस्तावेजों के आधार पर पूरी की जाएगी, जिससे आमजन को अनावश्यक झंझट से राहत मिलेगी।

केडीए की आगामी आवासीय योजनाओं को लेकर भी अहम फैसला लिया गया। लॉटरी आवंटन से पहले मौके पर भूखंडों का डिमार्केशन कराया जाएगा। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि संबंधित भूमि पर किसी प्रकार का कोर्ट स्टे या अतिक्रमण न हो, ताकि आवंटियों को भविष्य में किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। लंबे समय से खाली पड़े भूखंडों से उत्पन्न समस्याओं को देखते हुए बोर्ड ने सख्त रुख अपनाया है। विभिन्न योजनाओं में ऐसे भूखंडों के मालिकों को 15 दिन का नोटिस जारी किया जाएगा। तय अवधि में साफ-सफाई और समतलीकरण नहीं होने पर संबंधित आवंटन को अस्थायी रूप से निरस्त किया जाएगा।

बैठक में भूमि अवाप्ति के लिए कमेटी गठन की अनुशंसा भी की गई। इसके अलावा अफोर्डेबल हाउसिंग स्कीम के तहत पूर्व पंजीकृत आवेदकों को लॉटरी के माध्यम से फ्लैट आवंटन, श्री मथुराधीश जी मंदिर के विकास कार्यों की पुष्टि तथा सामाजिक, शैक्षणिक और धार्मिक प्रयोजनों के लिए विभिन्न संस्थाओं को भूमि आवंटन के प्रस्तावों को स्वीकृति हेतु राज्य सरकार को भेजने का निर्णय लिया गया।

## साइबर ठगी गिरोह के 3 आरोपी गिरफ्तार, 4.29 लाख की ठगी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

साइबर टीम ने टेलीग्राम आधारित इन्वेस्टमेंट स्कैम का पर्दाफाश करते हुए ?4.29 लाख की ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को बैंक से नकदी निकालते समय गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के पास से 3 मोबाइल फोन, 3 सिम कार्ड और 7 एटीएम कार्ड बरामद किए गए हैं।

प्रकरण में पीड़ित अभिषेक सोमाणी, निवासी शाहपुरा की रिपोर्ट पर खुलासा हुआ कि टेलीग्राम ग्रुप के जरिए यूट्यूब सब्सक्रिप्शन, गूगल रिव्यू और मनी टास्क के नाम पर निवेश का झांसा दिया गया। शुरुआत में छोटे टास्क पूरे करने पर राशि लौटाकर विश्वास में लिया गया और बाद में अधिक मुनाफे का लालच देकर कुल 4 लाख 29 हज़ार की ठगी की गई। रिपोर्ट मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक खातों में से रुपए 2.80 लाख फ्रीज कराए और नकदी निकालते



समय आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस ने उक्त मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। ठगी गई शेष राशि की बरामदगी और अन्य संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका की जांच जारी है।

गिरफ्तार आरोपियों में बलवीर सिंह राणावत 22 वर्ष निवासी जित्या खेड़ी, थाना मंगरोप, बलवीर सिंह खंगारोत 35 वर्ष निवासी मेवदा, थाना शाहपुरा तथा दिग्विजय सिंह चुंडावत 24 वर्ष निवासी खेमाणा, थाना रायपुर शामिल हैं।

## पुलिस का बड़ा एक्शन, अफीम-पिस्टल जब्त, 6 आरोपी गिरफ्त में

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिले में अपराध और अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान के तहत पुर थाना पुलिस ने मात्र 24 घंटों में बड़ी और प्रभावी कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ, अवैध फायर आर्म्स, धोखाधड़ी के मामलों का खुलासा किया है, वहीं पांच साल से फरार एक स्थायी वारंटी को भी गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने 2.444 किलोग्राम अवैध अफीम, एक अवैध पिस्टल व एक जिंदा कारतूस जब्त करने के साथ-साथ मादक पदार्थ परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी सीज की है। पुलिस ने संपूर्ण कार्रवाई थानाधिकारी कन्हैयालाल के नेतृत्व में गठित टीमों द्वारा की गई। पुलिस ने बताया की 12 जनवरी को थाना पुर की टीम लोकल व स्पेशल एक्ट की कार्रवाई हेतु कस्बा क्षेत्र में गश्त पर थी। इस दौरान पूर्व सूचना के आधार पर









एनएच-48 स्थित पुर पुलिया के नीचे एक मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर जांच की गई। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से कुल 2.444 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद हुई। इस पर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही अफीम परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया। इसी क्रम में एक अन्य कार्रवाई के तहत गश्त के दौरान सरहद पांसल क्षेत्र में एक व्यक्ति पुलिस जाप्ता को देखकर भागने लगा। संदेह होने पर उसे रोककर तलाशी ली गई तो उसके पास से एक अवैध पिस्टल व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी के पास हथियार रखने का कोई वैध लाइसेंस नहीं पाया गया। इस पर अवैध फायर आर्म्स जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी चितौड़गढ़ जिला में भी वांछित है, वहीं हथियार की खरीद-फरोख्त को लेकर पुलिस गहन अनुसंधान कर रही है। इसके अलावा धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर प्रकरण से संबंधित माल मशरूका बरामद किया है। इस मामले में भी आगे की जांच जारी है। पुलिस की इस सघन मुहिम के तहत पुलिस ने कुल पांच प्रकरणों में पिछले पांच वर्षों से फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## बजट घोषणाओं का समयबद्ध व पारदर्शी क्रियान्वयन सर्वोच्च प्राथमिकता : उपमुख्यमंत्री बैरवा



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

राज्य के उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि बजट घोषणाओं का प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनकल्याण से जुड़े कार्यों में किसी भी स्तर पर शिथिलता न हो तथा योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे।

उपमुख्यमंत्री ने मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में सांसद दामोदर अग्रवाल, शहर विधायक अशोक कोठारी, शाहपुरा विधायक लालाराम बैरवा तथा जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा ने सुझावात्मक विचार रखे।

बैठक में पूर्व बजट घोषणाओं की विभागवार समीक्षा की गई तथा प्रगतिरथ और चल रहे विकास कार्यों की गति तेज करने के निर्देश दिए गए। साथ ही विभिन्न स्टेकहोल्डर्स एवं हितधारकों स्वयंसेवी संस्थाएं, सामाजिक संगठन, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, कृषि, व्यापार, महिला व युवा प्रतिनिधियों से संवाद कर विकास, आधारभूत ढांचा, रोजगार, कौशल विकास, शिक्षा-स्वास्थ्य गुणवत्ता, सड़क-परिवहन, जलापूर्ति, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण व ग्रामीण विकास से जुड़े सुझाव प्राप्त किए गए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्राप्त सुझावों को आगामी बजट 2026-27 में शामिल करने हेतु राज्य सरकार के समक्ष रखा जाएगा, ताकि बजट अधिक जनोन्मुखी, समावेशी व व्यावहारिक बन सके। अधिकारियों को सुझावों का परीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने जिले में बजट घोषणाओं की क्रियान्विति, प्रगतिरत एवं पूर्ण कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, एडीएम सिटी प्रतिभा देवटिया सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा कल्याणी फाउंडेशन एनजीओ, चिकित्सा विभाग से आईएमए पदाधिकारी, मेवाड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स, लघु उद्योग भारती, टेक्सटाइल ट्रेड फेडरेशन एवं महिला, युवा, कृषक, पशुपालन व डेयरी संघों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे ।

## जर्जर विद्यालय भवन बना बच्चों की पढ़ाई में बाधा

### तीन किमी दूर स्कूल, जंगलात रास्ता व बजरी वाहनों से अभिभावक चिंतित

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।

**सांवर वैष्णव ।** क्षेत्र के बड़ला ग्राम पंचायत से नवसर्जित ग्राम पंचायत सोपुरा स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अमरतिया का भवन जर्जर होने के कारण शिक्षा विभाग राजस्थान के निर्देशानुसार नजदीकी विद्यालय पीथास में अध्ययन हेतु आदेशित किया गया है।

हालांकि विद्यालय की दूरी तीन किमी से अधिक, जंगलात रास्ता तथा अवैध बजरी दोहन में लगे भारी वाहनों की आवाजाही के कारण बच्चों व अभिभावकों को यह व्यवस्था रास नहीं आ रही है, जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है।

एसडीएमसी अध्यक्ष भैरू माली व रामसिंह ने बताया कि विद्यालय में आठवीं तक 94 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। भवन को नकारा घोषित किए जाने के बाद पीथास



प्रतीकात्मक इमेज

विद्यालय में पढ़ाई का आदेश हुआ, लेकिन लंबी दूरी और दुर्घटना की आशंका के चलते कई बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं और अभिभावक भी भेजने से हिचक रहे हैं।

ग्रामीणों ने वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर तेजाजी मंदिर प्रांगण में टीन शेड लगाकर अस्थायी कक्षाएं शुरू करने का प्रयास किया और एसीबीओ, कोटड़ी अशोक पारीक से मिलकर समस्या बताई, परंतु केवल रिपोर्ट भेजने का हवाला दिए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश है।

कोटड़ी ब्लॉक उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह ने बताया कि उच्च अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद औपचारिक आदेश नहीं मिलने से वैकल्पिक व्यवस्था लागू नहीं हो पा रही है और बच्चों की पढ़ाई लगातार प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने शीघ्र समाधान की मांग की है।

## जोगणियां माता शक्तिपीठ के विकास कार्यों को मिली 80G की मान्यता

### श्रद्धालुओं के दान को मिलेगा कर लाभ

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।

**रमेश गुर्जर ।** क्षेत्र के श्री जोगणियां माता शक्तिपीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान को आयकर विभाग द्वारा 80G के अंतर्गत प्रमाण पत्र जारी किया गया है। यह प्रमाण पत्र संस्थान द्वारा मंदिर क्षेत्र में कराए जा रहे विकासात्मक, संरचनात्मक एवं जनहित के कार्यों को ध्यान में रखते हुए प्रदान किया गया है। संस्थान के अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने बताया कि जोगणियां माता शक्तिपीठ में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार, आधारभूत ढांचे के विकास, धार्मिक व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण एवं व्यवस्थागत सुधार के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इन्हीं कार्यों के आधार पर आयकर विभाग द्वारा संस्थान को 80G प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि 80G प्रमाण पत्र मिलने के बाद अब देशभर के भक्त एवं दानदाता संस्थान को दिए गए दान पर



आयकर में नियमानुसार छूट प्राप्त कर सकेंगे। इससे मंदिर विकास कार्यों को नई गति मिलेगी तथा भविष्य में और अधिक योजनाएं क्रियान्वित की जा सकेंगी।

C M Y K

# बृजपुरा की गोचर भूमि पर खनन योजना का विरोध, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**रमेश गुर्जर** तहसील क्षेत्र के तिलस्वा ग्राम पंचायत के अंतर्गत बृजपुरा ग्राम में गोचर भूमि पर प्रस्तावित खनन योजना को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। खनिज विभाग द्वारा बिना सूचना एवं ग्रामवासियों की सहमति के ऑनलाइन नीलामी के माध्यम से गोचर भूमि पर खनन के लिए ऑप्शन प्लान बनाए जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी अजीत सिंह को ज्ञापन सौंपा।



ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि 17 खसरा की गोचर भूमि को खनन के लिए बेचने की योजना बनाई जा रही है, जो पूरी तरह अनुचित है।

ग्रामीणों का कहना है कि बृजपुरा ग्राम पूरी तरह कृषि एवं पशुपालन आधारित है। उक्त गोचर भूमि पर वर्षों से गायें व अन्य मवेशी चरते आ रहे हैं। साथ ही यहां वर्षों पुराने धार्मिक स्थल पंच देवरिया स्थित हैं। भूमि पर असंख्य पेड़-पौधे हैं तथा अनेक जीव-जंतुओं का प्राकृतिक आवास है।

ग्रामीणों ने आशंका जताई कि यदि गहरी खनन नीति लागू हुई तो गांव के कुओं का जलस्तर सूख जाएगा, रसायनों के प्रयोग से भूजल प्रदूषित होगा और हजारों जीव-जंतुओं का आश्रय छिन जाएगा। इससे न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचेगा बल्कि पशुपालकों की आजीविका भी प्रभावित होगी।

ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से मांग की कि धरती, पर्यावरण, पशुधन एवं जीव-जंतुओं की रक्षा को ध्यान में रखते हुए खनिज विभाग के इस ऑप्शन प्लान को तत्काल रुकवाया जाए तथा बिना ग्रामसभा की सहमति गोचर भूमि पर किसी भी प्रकार के खनन की अनुमति न दी जाए। ज्ञापन देते समय शोभालाल, कमलेश, अशोक, गोपाललाल, मुकेश, राजू, दीपक, शिवलाल, अनिल, सुदेश, रामप्रसाद, अंशुल, आयुष, नरेश, अनीश, नाथूलाल, अंशु, कुशल, शांतिलाल, सांवरिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## कल्याणी फाउंडेशन ने उपमुख्यमंत्री के समक्ष रखी कामकाजी महिलाओं की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्री-बजट बैठक में कल्याणी फाउंडेशन की अध्यक्ष दिव्या बोरदिया ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा के समक्ष कामकाजी महिलाओं का मुद्दा उठाया।

उन्होंने आगामी बजट में निजी महिला उद्यमियों के लिए व्यापार विस्तार एवं मार्केटिंग से जुड़ी विशेष योजना लाने का प्रस्ताव रखा। बोरदिया ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के साथ-साथ निजी स्तर पर छोटे-बड़े व्यवसाय कर रही महिलाओं को भी मुख्यधारा से जोड़ना आवश्यक है। उपमुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने सुझाव को गंभीरता से लेते हुए सकारात्मक आश्वासन दिया तथा महिला सशक्तिकरण की दिशा में कल्याणी फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की।

## बजरंग दल युवा दिवस के तहत 17-18 जनवरी को कबड्डी प्रतियोगिता

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



युवाओं में खेल भावना, शारीरिक सुदृढ़ता और राष्ट्रभाव के विकास के उद्देश्य से बजरंग दल द्वारा देशभर में युवा दिवस खेल गतिविधियों के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बजरंग दल भीलवाड़ा महानगर की ओर से 17 व 18 जनवरी को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

महानगर संयोजक मुकेश प्रजापत ने बताया कि यह आयोजन 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती से 23 जनवरी सुभाष चंद्र बोस जयंती तक चल रहे अखिल भारतीय कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है।

विश्व हिंदू परिषद महानगर प्रचार-प्रसार प्रमुख विराट सोनी ने बताया कि प्रतियोगिता में महानगर के सातों प्रखंडों की टीमें भाग लेंगी।

## जैन सोशल ग्रुप का नववर्ष मिलन समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जैन सोशल ग्रुप भीलवाड़ा मेन द्वारा नववर्ष के पावन अवसर पर भव्य नववर्ष मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सदस्यों, परिवारजनों एवं बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

समारोह में संगठन की आगामी कार्ययोजना पर चर्चा, मनोरंजक खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित हुई, जिससे आपसी सौहार्द और संगठनात्मक एकता मजबूत हुई।

कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष राजेन्द्र गोखरू, अध्यक्ष प्रदीप सांखला, उपाध्यक्ष महावीर मेहता व जय कुमार पाटनी, सचिव अनिल चौधरी, संयुक्त सचिव सीए पुनीत मेहता, कोषाध्यक्ष बलवीर डागलिया, जेएसजी सांगिनी अध्यक्ष पुष्पा गोखरू एवं जेएसजी स्टार अध्यक्ष मनीष लोढ़ा उपस्थित रहे।

संस्थापक अध्यक्ष राजेन्द्र गोखरू ने संगठन के सेवा भाव व सामाजिक समरसता पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष प्रदीप सांखला ने नई पहल इम्पैक्ट कार्ड की जानकारी दी। मनीष बंब ने बताया कि प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्ण भागीदारी रही, जिसमें श्रेष्ठ परिधान संयोजन दंपति सम्मान महेंद्र मेहता एवं उनकी धर्मपत्नी को प्रदान किया गया।

## रात्रिकालीन वॉलीबॉल प्रतियोगिता में रोमांचक हुआ फाइनल, जोगणिया क्लब छोटा थडोदा बना विजेता



**भीलवाड़ा फोकस @ सलावटिया**

**विकास जैन** ग्राम पंचायत चांद जी की खेड़ी स्थित राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में महादेव क्लब के तत्वावधान में आयोजित रात्रिकालीन वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सोमवार रात खेला गया। फाइनल में महादेव क्लब चांद जी की खेड़ी और जोगणिया क्लब छोटा थडोदा के बीच जबरदस्त और रोमांचक मुकाबला हुआ।

पांच सेट के इस संघर्षपूर्ण मुकाबले में शुरुआत में महादेव क्लब ने पहले दो सेट जीतकर बढ़त बनाई, लेकिन इसके बाद जोगणिया क्लब छोटा थडोदा ने शानदार वापसी करते हुए लगातार तीन सेट जीतकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को 11,000 नगद व ट्रॉफी, जबकि उपविजेता टीम को ?5,100 नगद पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में कुल 21 टीमों ने भाग लिया, जिससे आयोजन बेहद प्रतिस्पर्धात्मक और उत्साहपूर्ण रहा।

फाइनल मुकाबले के दौरान प्रशासक मोहनलाल धाकड़, एडवोकेट विकास जैन, उदयलाल मेघवाल, महादेव क्लब के मनोज सोनी, अभिषेक सोनी, लोकेश सेन, महेन्द्र मेघवाल, गोविंद शर्मा, नरेश धाकड़ सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी दर्शक मौजूद रहे।

## तिलस्वां महादेव जाने वाला मार्ग बदहाल, श्रद्धालु और वाहन चालक परेशान



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

**(नरेश धाकड़)**। प्रसिद्ध आस्था केंद्र तिलस्वां महादेव जाने वाला मार्ग बदहाल स्थिति में होने से श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उपखंड क्षेत्र के सतकुड़िया से तिलस्वां तक का करीब 8 से 30 किलोमीटर लंबा मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है।

इस मार्ग से सदारामजी का खेड़ा, मकरेड़ी और सतकुड़िया सहित कई गांव जुड़े हुए हैं, लेकिन सड़क की हालत इतनी खराब है कि वाहन चालकों को रोजाना जोखिम उठाकर सफर करना पड़ रहा है। गड्ढों और उखड़ी सड़क के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि तिलस्वां महादेव जाने के लिए मजबूरी में बिजोलिया-सलावटिया मार्ग से होकर जाना पड़ता है, जहां सड़क पर अत्यधिक धूल और मिट्टी उड़ती रहती है, जिससे आवागमन के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी बढ़ रही हैं। ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने कई बार प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है, लेकिन अब तक सड़क मरम्मत को लेकर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों की मांग है कि तिलस्वां महादेव जैसे प्रमुख धार्मिक स्थल तक जाने वाले मार्ग का शीघ्र नवीनीकरण कराया जाए, ताकि श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को राहत मिल सके।

## स्वच्छ भारत मिशन के कैलाश बने जिला सह-संयोजक



**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**

कोटड़ी ग्राम पंचायत के उपप्रधान कैलाश सुथार को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जिला सह-संयोजक मनोनीत किए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। इस मनोनयन को स्वच्छता अभियान को जमीनी स्तर पर सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

मनोनयन के बाद कैलाश सुथार ने विधायक गोपीचंद मीणा से शिष्टाचार भेंट कर आभार व्यक्त किया। विधायक मीणा ने नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए अभियान को और मजबूत करने की अपेक्षा जताई।

## नापाखेड़ा स्कूल का एसडीओ ने किया औचक निरीक्षण



**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**(दिलखुश)** । उपखंड क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नापाखेड़ा का मंगलवार को डॉ. नेहा राजपूत ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मिड-डे मील के पोषाहार को स्वयं चखकर गुणवत्ता जांची तथा सामग्री का अवलोकन किया।

उन्होंने विद्यालय की खेल सामग्री, छात्रवृत्ति योजनाओं के रिकॉर्ड और परिसर की स्वच्छता व्यवस्था का भी जायजा लिया। स्वामी विवेकानंद जयंती पर छात्राओं द्वारा बनाई गई चित्रकला की सराहना की।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य दुर्गा मीणा व उपप्रधानाचार्य कमल सिंह मीणा के नेतृत्व में स्वागत किया गया। वरिष्ठ अध्यापक लादूलाल मीणा ने बताया कि एसडीओ ने विद्यालय की शैक्षणिक व प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर संतोष जताया।

निरीक्षण के दौरान पोषाहार प्रभारी अनिल त्रिपाठी, बीएलओ रामलाल मीणा, वीरेंद्र विक्रम सिंह, वरिष्ठ सहायक भोजराज सैनी, छात्रवृत्ति प्रभारी सरोज मीणा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## विप्र सेना महिला प्रकोष्ठ ने लोहड़ी व मकर संक्रांति उत्सव मनाया

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



शहर के रोडवेज बस स्टैंड के सामने स्थित एक निजी रिसोर्ट में विप्र सेना महिला प्रकोष्ठ द्वारा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्योति आशीर्वाद के नेतृत्व में लोहड़ी व मकर संक्रांति उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

जिला सचिव हेमलता पाराशर ने बताया कि महिलाएं पारंपरिक परिधानों में शामिल हुई तथा गुड़, मूंगफली, रेवड़ी व गजक का आदान-प्रदान किया। इस अवसर पर सितोलिया, खो-खो और रूमाल झपट जैसे पारंपरिक खेलों में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिलाओं ने दान-पुण्य करने का संकल्प भी लिया। मौसमी ओझा ने कहा कि मकर संक्रांति सामाजिक समरसता, एकता और परिवर्तन का प्रतीक पर्व है।

आयोजन में कल्पना सुल्तानिया, बिंदिया शर्मा, साधना भट्ट, गायत्री शर्मा, डॉ. दीपिका उपाध्याय, निर्मला व्यास, माया वत्स, अनीता शर्मा, अरुणा व्यास, सरिता शर्मा, पारस शर्मा और दुर्गा शर्मा की सक्रिय भागीदारी रही।

## विप्र फाउंडेशन को स्वामी अवधेशानंद गिरि से मिला मार्गदर्शन


**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



ऋषिकेश में आयोजित दो दिवसीय नायक प्रशिक्षण शिविर में स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने कहा कि ब्राह्मण किसी जाति का नहीं, बल्कि करुणा, समभाव और व्यापक दृष्टि का विचार है। उन्होंने ब्राह्मणों से अपनी सांस्कृतिक पहचान तिलक, शिखा, रक्षा सूत्र और उपनयन को गर्व के साथ धारण करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा ने संगठन के प्रमुख प्रकल्पों की जानकारी दी, जिनमें परशुराम कुंड पर 54 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापना और जयपुर स्थित परशुराम भवन प्रमुख हैं।

प्रशिक्षण शिविर में भीलवाड़ा से प्रदेश महामंत्री दिनेश शर्मा, जिलाध्यक्ष तुलसी राम शर्मा के निर्देशानुसार युवा जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण व्यास, उपाध्यक्ष देवेंद्र सारस्वत एवं महासचिव अभिषेक शर्मा ने सहभागिता की।



QUICK BITES

## स्कूल में जरूरतमंद बच्चों को किए स्वेटर वितरण

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।



कस्बे के समीपवर्ती ग्राम आमली खेड़ा कि झोपड़ी में स्थित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में मंगलवार को नृसिंह द्वारा महंत राम प्रकाश दास महाराज व श्याम प्रेमी सिंगर राजू अलबेला के सानिध्य में जरुरतमंद विद्यार्थियों को ऊनी स्वेटर का वितरण किए। सर्दी में बच्चों को स्वेटर मिलने पर खुशी हुई। प्रधानाचार्य सीताराम बैरवा ने विद्यालय में स्वेटर वितरण से न केवल बच्चे ठंड से सुरक्षित रहेंगे, बल्कि उनकी पढ़ाई में भी निरंतरता बनी रहेगी। नृसिंह द्वारा महंत राम प्रकाश दास महाराज ने कहा कि यह सराहनीय प्रयास समाज में शिक्षा को समर्थन और मानवता की सेवा ही मजबूत समाज का आधार होने संबंधी संदेश भी है। अध्यापक राजेंद्र कुमार हिंडोनिया इस पहल की सराहना कर इसे स्कूल और बच्चों के लिए महत्वपूर्ण बताया। श्याम प्रेमी सिंगर राजू अलबेला ने बताया कि अत्यधिक सर्दी में बच्चों की शिक्षा एवं अध्ययन को निरंतर एवं निर्बाध रूप से जारी रखने के उद्देश्य से स्कूल में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को गर्म स्वेटर उपहार स्वरूप वितरित किए गए। इस अवसर पर नर्सिंग ऑफिसर भूपेंद्र शर्मा, पुखराज प्रजापत, पाखी श्याम दिवानी, कमलेश टेलर सहित समस्त स्टाफ साथी मौजूद रहे ।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष पर विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारिया तेज, विभिन्न टोलियों का गठन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले आगामी विराट हिंदू सम्मेलन की पूर्व तैयारी को लेकर संजय नगर बस्ती की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए सर्वसम्मति से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए और जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। बैठक में क्षेत्र के सत्यनारायण ओझा को सर्वसम्मति से नगर क्रमांक 3 संजय नगर बस्ती का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके साथ ही उपाध्यक्ष, संरक्षक और कार्यक्रम समिति के सदस्यों का भी चयन किया गया, जो कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करेंगे। सम्मेलन की सफलता के लिए तय किया गया कि प्रत्येक सनातनी परिवार तक व्यक्तिगत रूप से पहुँच बनाई जाएगी। इसके लिए पीले चावल वितरित कर हर परिवार को इस विराट आयोजन में सम्मिलित होने का भावपूर्ण निमंत्रण दिया जाएगा। कार्यक्रम के सुव्यवस्थित संचालन के लिए अलग-अलग टोलियों का निर्माण कर उनके प्रभारियों की घोषणा की गई। जिसमें मुख्य रूप से धन संग्रह टोली, वरिष्ठ जन सम्मान टोली, प्रतिभा सम्मान टोली, पारंपरिक सांस्कृतिक टोली, साज-सजावट एवं प्रभात फेरी टोली, शामिल हैं। बैठक में बैठक में नगर संयोजक कैलाश सुथार, सह संयोजक कैलाश गौड़, कार्यक्रम संयोजक खुशबू शुक्ला सहित प्रहलाद गर्ग, रामस्वरूप गर्ग, केवल सुराणा, सम्पत शर्मा, गणपत शर्मा, प्रहलाद त्रिपाठी, ललित व्यास, धीरज अग्रवाल, रामपाल मंत्री, हिमांशु शुक्ला, सागर पाण्डे, किशन लोहार, रमेश भट्ट, रामगोपाल वैष्णव, नितेश अजमेरा, हरदेव कुमावत, कपिल सुथार, भवानी शंकर वैष्णव, पुष्कर सेन, रघुनाथ सोनी, भगवान सिंह, किशन सेन, महेंद्र कुमावत एवं बड़ी संख्या में महिला मंडल की सदस्य उपस्थित रहीं।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की! अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# मकर संक्रांति पर श्री पंचमुखी दरबार सेवा समिति की अनुकरणीय पहल

## एक किट, एक मुस्कान ,नेत्रहीन एवं मूक-बधिर बच्चों तक पहुँची शिक्षा की सौगात

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



मकर संक्रांति के अवसर पर श्री पंचमुखी दरबार सेवा समिति की ओर से सेवा, संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरक उदाहरण देखने को मिला। समिति के तत्वावधान में श्री पंचमुखी मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान समाज के कमजोर व वंचित वर्ग के नेत्रहीन एवं मूक-बधिर बच्चों को निःशुल्क श्री पंचमुखी दरबार मां सरस्वती शिक्षण सामग्री किट वितरित की गई।

समिति अध्यक्ष लक्ष्मण दास त्यागी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य विशेष बच्चों को शिक्षा से जोड़ना और उनके आत्मविश्वास को सशक्त करना है। वहीं, सचिव परमेश्वर दास ने कहा कि मकर संक्रांति केवल पर्व नहीं, बल्कि दान, सेवा और सामाजिक समरसता का प्रतीक है,ज़रूरतमंद बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाना ही इस सेवा का मूल लक्ष्य है। उन्होंने शिक्षा को समाज की उन्नति की सबसे मजबूत नींव बताया।

कोषाध्यक्ष सच्चिदानंद दास ने बताया कि इस सेवा का उद्देश्य केवल सामग्री वितरण तक सीमित नहीं, बल्कि बच्चों को यह विश्वास दिलाना है कि समाज उनके साथ है। बच्चों के चेहरों पर आई मुस्कान ने इस प्रयास की सार्थकता सिद्ध की।

शिक्षण सामग्री किट में स्कूल बैग, पानी की बोतल, टिफिन बॉक्स, कॉपियाँ, ड्राइंग बुक, कलर बॉक्स एवं पेंसिल शामिल थीं।

कार्यक्रम में कुल्लू से पधारे महंत रामदास स्वामी जी सहित अजय रामदास, बृजमोहन दास, प्रेमदास, गोपाल दास, मुकंद दास आदि संतगण उपस्थित रहे।

# रामधाम बस्ती में विराट हिंदू सम्मेलन का शंखनाद

## भव्य कलश यात्रा व चारभुजा नाथ की शोभायात्रा से गूंजेगा मेडिसिटी मैदान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



सवाई भोज नगर स्थित रामधाम बस्ती में आगामी 25 जनवरी को आयोजित होने वाले भव्य, दिव्य एवं विशाल विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर समाजजनों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोजन को सफल बनाने हेतु विभिन्न कार्यों के लिए अलग-अलग समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं। आजाद नगर स्थित सुखवाल भवन में हुई इस बैठक की अध्यक्षता रामधाम बस्ती के अध्यक्ष एवं उद्योगपति राजेंद्र प्रसाद ओस्तवाल ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि हिंदू समाज को एक विराट संगठन के रूप में पिरोना आज की महती आवश्यकता है। हिंदू समाज की पहचान शांति, करुणा और अहिंसा के माध्यम से संपूर्ण विश्व के कल्याण की रही है, लेकिन इसके लिए शक्ति की साधना भी आवश्यक है।

बैठक में मुख्य वक्ता भगवान दास जीनगर, विभाग सह कार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रहे। उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में संगठन द्वारा पांच प्रमुख आयामों पर विशेष जोर दिए जाने की जानकारी दी। इनमें सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी की प्रेरणा और नागरिक कर्तव्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन विषयों पर समाज द्वारा संकल्प लेने से धीरे-धीरे व्यापक सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा।

कार्यक्रम के अंत में युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षाविद् एवं उपनिदेशक प्रहलाद जी पारीक ने एक प्रेरणादायी कविता का पाठ किया, जिसे उपस्थितजनों ने सराहना के साथ सुना।

उल्लेखनीय है कि सम्मेलन के दिन भव्य कलश यात्रा एवं चारभुजा नाथ की शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो मेडिसिटी मैदान में विराट हिंदू सम्मेलन के रूप में संपन्न होगी।


बैठक में सभी उप-बस्तियों के सह-संयोजक, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल के बाहर सड़क पर पड़ी लकड़ियों से अव्यवस्था

## एम्बुलेंस फंसी, मरीज व राहगीर परेशान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।





शहर के महात्मा गांधी जिला अस्पताल के बाहर सड़क पर बेवजह पड़ी लकड़ियों के कारण गंभीर अव्यवस्था की स्थिति बनी हुई है। इन लकड़ियों की वजह से अस्पताल में मरीजों को लेकर आने वाली एंबुलेंस रास्ते में फंस रही हैं, वहीं राहगीरों और वाहन चालकों को भी निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क के किनारे ही नहीं, बल्कि बीच सड़क तक लकड़ियां रख दी गई हैं, जिससे मार्ग संकरा हो गया है। कई बार एंबुलेंस को मरीज लेकर अस्पताल पहुंचने में देरी हो रही है, जो गंभीर मरीजों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। इसके अलावा राहगीरों को अपने वाहन खड़े करने और आवागमन में भी दिक्कत हो रही है। सूत्रों के अनुसार इस समस्या को लेकर अस्पताल के पीएमओ को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद अब तक सड़क से लकड़ियां नहीं हटाई गई हैं। इससे आमजन में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

स्थानीय नागरिकों और मरीजों के परिजनों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर पड़ी लकड़ियों को तत्काल हटवाया जाए, ताकि एंबुलेंस की आवाजाही बाधित न हो और आम लोगों को राहत मिल सके। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो किसी बड़ी दुर्घटना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

# जवाहर फाउंडेशन की पहल अन्नपूर्णा रसोई - स्वाभिमान भोज के तहत पौधारोपण व ऊनी कंबल वितरण

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।



जवाहर फाउंडेशन द्वारा सामाजिक सरोकारों को सशक्त बनाते हुए मांडलगढ़ उप जिला अस्पताल परिसर स्थित अन्नपूर्णा रसोई - स्वाभिमान भोज केंद्र पर एक प्रेरणादायी सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि मुकेश खण्डेलवाल रहे।

इस अवसर पर रेलवे अंडरपास स्थित अंबेडकर भवन परिसर में फाउंडेशन प्रतिनिधियों एवं अतिथियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही उप जिला अस्पताल के वार्डों में भर्ती मरीजों एवं जरूरतमंदों को ऊनी शॉल/कंबल वितरित किए गए।

कार्यक्रम के दौरान अन्नपूर्णा रसोई इंचार्ज मनोज मीणा सहित नगर पालिका कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

जवाहर फाउंडेशन के सीएसआर मैनेजर वैभव कुमार जोशी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सहयोग के लिए आभार जताया और कहा कि फाउंडेशन सेवा, स्वाभिमान और संवेदना के मूल मंत्र के साथ वंचित वर्गों के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

कार्यक्रम ने स्वच्छ पर्यावरण, सामाजिक सहयोग और मानवीय सेवा का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया। अन्नपूर्णा संचालक संतोष नाथ और मुकेश नाथ ने बताया कि मात्र ?1 में उपलब्ध भरपेट, स्वादिष्ट भोजन की उपस्थित अतिथियों ने प्रशंसा की।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष संजय डांगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक जीनगर, पार्षद अनीता सुराणा, डॉ. मनीष पुरोहित, डॉ. शिवराज जाट, डॉ. सोमानी, संदीप ब्रह्मभट्ट, लादू खटीक, राकेश ओस्तवाल, जीवन असावा, मनोज उर्फ मन्नु आंचलिया, सतीश खण्डेलवाल, सुनील नागोरी, महावीर, निर्मल भंडारी, विनोद सोडानी सहित अस्पताल स्टाफ, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धाकड़खेड़ी पंचायत में मनरेगा में अवैध वसूली का आरोप

## आक्रोशित श्रमिकों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, कनिष्ठ सहायक को हटाने की मांग





**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद ।**

मांडलगढ़ उपखण्ड क्षेत्र की धाकड़खेड़ी ग्राम पंचायत में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत भ्रष्टाचार का गंभीर मामला सामने आया है। पंचायत में पदस्थ महिला कनिष्ठ सहायक पर श्रमिकों से काम देने और मस्टरोल में नाम दर्ज करने के बदले अवैध वसूली के आरोप लगे हैं। इससे आक्रोशित पुरुष व महिला श्रमिकों ने प्रदर्शन कर उपखण्ड अधिकारी एवं बीडीओ को लिखित शिकायत सौंपते हुए संबंधित कनिष्ठ सहायक को तत्काल हटाने की मांग की है।

धाकड़खेड़ी पंचायत से सैकड़ों श्रमिकों ने एसडीएम को दिए ज्ञापन में बताया कि पंचायत में लंबे समय से नियुक्त कनिष्ठ सहायक नवदिता भाणावत द्वारा मनरेगा मस्टरोल में नाम दर्ज करने के बदले राशि मांगी जाती है। तय रकम नहीं देने पर श्रमिकों को न तो काम दिया जाता है और न ही उनके नाम मस्टरोल में जोड़े जाते हैं, कई बार काम से हटा भी दिया जाता है। मजबूरी में गरीब श्रमिकों को अपनी दिहाड़ी का एक हिस्सा कथित तौर पर देना पड़ रहा था।

श्रमिकों के अनुसार मस्टरोल में नाम दर्ज कराने के लिए 300 रुपए तथा नए जॉब कार्ड बनाने के लिए 1000 रुपए तक की वसूली की जा रही है। श्रमिकों का कहना है कि यह जनकल्याणकारी योजना गरीबों को रोजगार और सम्मान देने के लिए है, लेकिन खुलेआम वसूली से योजना की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

धाकड़खेड़ी निवासी प्रकाश चंद्र सालवी ने 100 रुपए के स्टाम्प पर शपथपत्र प्रस्तुत कर शिकायत में आरोप लगाया कि चौथ वसूली और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने पर श्रमिकों को धमकाया गया। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि भेरूसिंह राजपूत, जिनका 9 अगस्त 2025 को निधन हो चुका है, उनके जॉबकार्ड क्रमांक 2858981 से मस्टरोल क्रमांक 32965 (9 से 23 दिसंबर 2025) में 4 दिन की हाजिरी दर्शाकर 996 का भुगतान उठा लिया गया। इसी प्रकार मस्टरोल में अन्य अनियमितताओं के जरिए राजकीय कोष को नुकसान पहुंचाने का आरोप भी लगाया गया है।

श्रमिकों ने आरोप लगाया कि अवैध वसूली के लिए दलाल नियुक्त किए गए हैं, जो श्रमिकों को एकांत में बुलाकर मोबाइल फोन दूर रखवाते हैं और वसूली करते हैं।ज्ञापन देते समय पूर्व वार्ड पंच भीम सिंह कानावत, प्रकाश सालवी, चंद्रवीर सिंह, लीला देवी बलाई, भोम देवी बेरवा, नारायणी धाकड़, सुनीता बेरवा, रतन धाकड़, कैलाश बेरवा, कन्यालाल धाकड़ सहित बागीत, धाकड़खेड़ी, हिंगोनिया व भवानीपुरा के श्रमिक और ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं। इस मामले में कनिष्ठ सहायक नवदिता भाणावत ने आरोपों को निराधार बताया। उनका कहना है कि श्रमिकों को चिन्हित कार्यस्थल पर पर्याप्त कार्य करने के लिए कहा जाता है, इसी बात से नाराज होकर अनर्गल आरोप लगाए गए हैं।

उपखण्ड अधिकारी मनमोहन शर्मा ने बताया कि श्रमिकों की शिकायत प्राप्त हो गई है। पूरे प्रकरण की जांच के लिए समिति गठित की जाएगी। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित महिला कनिष्ठ सहायक के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 8 डिग्री की ठंड में गुरु के लिए सड़कों पर उतरे छात्र, लेक्चरर के ट्रांसफर से नाराज बच्चे, स्कूल के बाहर कटी पूरी रात

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**





भीलवाड़ा जिले के कोटड़ी ब्लॉक के नंदराय कस्बे में शिक्षा और गुरु-शिष्य परंपरा का ऐसा भावुक दृश्य सामने आया, जिसने हर किसी को सोचने पर मजबूर कर दिया। राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक स्कूल नंदराय में कार्यरत भूगोल के लेक्चरर शंकरलाल जाट के ट्रांसफर के विरोध में छात्र-छात्राएं कड़ाके की ठंड में धरने पर बैठ गए। सोमवार शाम शुरू हुआ यह आंदोलन मंगलवार को भी जारी रहा, जब तापमान महज 8 डिग्री के आसपास था।

जानकारी के अनुसार 11 जनवरी को शंकरलाल जाट का तबादला आदेश जारी हुआ। जैसे ही इसकी खबर छात्रों तक पहुंची, उनमें आक्रोश फैल गया। सोमवार शाम करीब 4 बजे छात्र-छात्राएं स्कूल के बाहर धरने पर बैठ गए। घंटों बीत जाने के बावजूद जब कोई अधिकारी या जनप्रतिनिधि उनकी बात सुनने नहीं पहुंचा, तो बच्चों ने वहीं पर खाना खाया और स्कूल गेट के बाहर ही टेंट लगाकर रात गुजार दी।

सर्द हवा, ठिठुरन और अंधेरी रात के बीच बच्चों का यह संकल्प बेहद मार्मिक था। धरने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों और अभिभावकों ने भी बच्चों का साथ दिया। किसी ने भोजन की व्यवस्था की तो किसी ने कंबल और बिस्तर पहुंचाए। यह दृश्य न सिर्फ विरोध का, बल्कि सामूहिक संवेदना और एकजुटता का भी प्रतीक बन गया।

मंगलवार सुबह तक धरना जारी रहा। स्कूल में पढ़ने वाले करीब 600 विद्यार्थियों में से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौके पर पहुंचीं और आंदोलन में शामिल हुईं। स्कूल पर ताला लगा रहा और बच्चे बाहर बैठकर नारेबाजी करते रहे। नाश्ता और दोपहर का भोजन भी स्कूल परिसर के बाहर ही किया गया, लेकिन किसी के कदम पीछे नहीं हटे। धरने पर बैठे छात्रों का कहना था कि वे सोमवार से आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। जब तक शंकरलाल जाट का ट्रांसफर निरस्त नहीं होता, तब तक आंदोलन समाप्त नहीं किया जाएगा। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि जरूरत पड़ी तो वे आमरण अनशन जैसा कठोर कदम उठाने से भी पीछे नहीं हटेंगे। छात्र अनिल अहीर ने बताया कि शंकरलाल जाट सिर्फ शिक्षक नहीं, बल्कि अभिभावक की तरह मार्गदर्शन देने वाले हैं। उन्होंने गत सत्र में बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अपने खर्चे पर हवाई यात्रा करवाई थी। इतना ही नहीं, स्कूल भवन की जर्जर हालत सुधारने के लिए उन्होंने भामाशाहों से संपर्क कर मरम्मत कार्य भी करवाया। पिछले सात वर्षों से नंदराय स्कूल में सेवाएं दे रहे शंकरलाल जाट ने शिक्षा को सिर्फ पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रखा, बल्कि बच्चों के सपनों को उड़ान दी। यही कारण है कि आज बच्चे उनके तबादले को अपने भविष्य से जुड़ा सवाल मानकर ठंड की परवाह किए बिना संघर्ष कर रहे हैं।

# पतंगों की डोर में बंधा भाईचारा सिन्धी उतराण मेले में इनामों की बारिश, सांवरिया रिसोर्ट बना उत्सव स्थल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**मूलचन्द पेसवानी**



मकर संक्रांति के पावन अवसर पर सिन्धुपति युवा सेवा संस्कार समिति एवं सिन्धुपति महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित दसवां सिन्धी उतराण मेला सांवरिया रिसोर्ट में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। हजारों की संख्या में पहुंचे समाजजनों ने पतंगबाजी, खेलकूद, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और स्नेहभोज का आनंद लिया। समिति अध्यक्ष दीपू सभनाणी ने बताया कि मेला समाज को जोड़ने और नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने का माध्यम है। मेले का शुभारंभ श्री गोविंद धाम दरबार के संत किशनलाल महाराज, दादा साहिब झूलेलाल मंदिर के दादा साहिब भगत टेऊँराम, मां इच्छापूर्णी दुर्गा मंदिर की माताश्री पारो बहन एवं सिंधी सेंट्रल पंचायत अध्यक्ष रमेशचंद्र सभनाणी द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ।

सितोलिया फोड़, चेयर रेस, पतंगबाजी, रस्साकसी, दौड़, डांडिया, डांस व पारंपरिक सिंधी छैज सहित अनेक प्रतियोगिताओं में बच्चों से बुजुर्गों तक ने भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

बंपर पुरस्कारों में स्क्ष्ष्ठ टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, कूलर, गीजर, साइकिल, स्मार्ट वॉच सहित कई आकर्षक उपहार रहे, जिनकी घोषणा पर पंडाल तालियों से गूंज उठा। मंच संचालन राहुल जेठानी व दीपू सभनाणी ने किया। अंत में पल्लव अरदास के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

आयोजन को सफल बनाने में फतनदास लालवानी, कैलाश कृपलानी, परमानंद नेनानी, जितेंद्र दरियानी, कमल रामवानी, राजकुमार दरियानी, विनोद झुर्रानी, प्रकाश झुर्रानी, गोरधनदास जेठानी, प्रकाश कोरानी, दीपक खुबवानी, विजय लखवानी, प्रेम मोतियानी, सुरेश पेशवानी, प्रदीप सावलानी, प्रकाश मोटवानी, भगवान सामतानी, दिलीप रामनानी, गिरीश कृपलानी, सन्नी खोतानी सहित अनेक समाजसेवियों का सहयोग रहा।

## QUICK BITES

### इच्छा पूर्ण बालाजी मंदिर में लगाया पौष बड़ा का भोग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



श्री राम मंडल सेवा संस्थान द्वारा इच्छा पूर्ण बालाजी मंदिर नया बापू नगर में अध्यक्ष शांति प्रकाश मोहता के सानिध्य में पौष बड़ा का भगवान को भोग लगाया गया और चोला चढ़ाया गया। इससे पहले सुंदरकांड पाठ और भजन गाये गए । जिसमें कलाकार मंगल चंद मिश्रा, किशन चौधरी, पंकज पंचोली, जयेस पारीक, लोकेश कुदाल ने अपनी प्रस्तुतियां दी। उसके बाद पौष बड़ा का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था के रतन लाल अग्रवाल, रामोतार शर्मा, मुकेश वर्मा, हनुमान परिहार, बनवारी माली, चैनसिंह चौहान, दिनेश लखोटिया, कमल चोटिया, विक्रमसिंह राठौड़, सुभाष शर्मा, सुरेश शर्मा, लक्की सैनी, शंकर चोटिया, विष्णु शर्मा आदि उपस्थित रहे ।

### विमुक्त, घुमंतू व अर्ध-घुमंतू समुदाय को मिला दो दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**




**मानव तिवाड़ी।** विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध-घुमंतू समुदाय के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए ग्रामीण एवं सामाजिक विकास संस्था, अजमेर द्वारा 12 से 13 जनवरी तक संस्था के कार्यालय में बकरी पालन आधारित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में समुदाय के 27 चयनित लाभार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान क्लासरूम एवं प्रायोगिक सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को बकरी पालन के महत्व, उपयुक्त नस्लों का चयन, आवास एवं स्वच्छता प्रबंधन, संतुलित पोषण, स्वास्थ्य देखभाल, सामान्य रोगों की पहचान, रोकथाम एवं उपचार सहित बकरी पालन को आजीविका संवर्धन के प्रभावी माध्यम के रूप में अपनाने की विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रतिभागियों को बकरियों के दैनिक प्रबंधन, खान-पान, टीकाकरण, रोग नियंत्रण तथा उत्पादन बढ़ाने से जुड़े व्यावहारिक अनुभव भी कराए गए। इससे प्रतिभागियों में स्वरोजगार को लेकर आत्मविश्वास एवं स्पष्ट समझ विकसित हुई।

कार्यक्रम में प्रशिक्षक जगदीश गुर्जर ने अपने अनुभवों के आधार पर सरल एवं व्यवहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया, जिससे प्रतिभागियों ने बकरी पालन को दीर्घकालिक एवं टिकाऊ आजीविका विकल्प के रूप में समझा।

इस अवसर पर संस्था के कार्यक्रम प्रबंधक सुमंत बेपटिस्ट ने बताया कि प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रतिभागियों के साथ मिलकर बकरी पालन को समुदाय स्तर पर सशक्त आजीविका मॉडल के रूप में विकसित करने हेतु आगामी कार्ययोजना भी तैयार की गई है, ताकि विमुक्त एवं घुमंतू समुदाय के परिवारों को स्थायी, सम्मानजनक एवं आत्मनिर्भर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकें।

### घने जंगल व 50 फीट गहरे गड्ढे से गोवंश का रेस्क्यू

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**



**मूलचन्द पेसवानी**

मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बीच जीव दया सेवा समिति ने करुणा और मानवता की अनुकरणीय मिसाल पेश की। परिवहन कार्यालय के पीछे स्थित घने जंगल में एक 50 फीट गहरे गड्ढे में कई दिनों से फंसी बीमार गोवंश को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

सुबह मॉर्निंग वॉक के दौरान समिति संयोजक अतू खां कायमखानी ने करुण रंभाने की आवाज सुनी। सूचना पर राज्य सरकार की निशुल्क पशु चिकित्सा सेवा वैन और पशुपालन विभाग की टीम डॉ. सुशांत कुमार शर्मा के नेतृत्व में मौके पर पहुंची। प्राथमिक उपचार के बाद घंटों की मशक्कत से गोवंश का सफल रेस्क्यू किया गया। इसके बाद शाहपुरा गौशाला संचालक अनिल कुमार लोढ़ा के सहयोग से गोवंश को गौशाला भिजवाया गया, जहां चारा, पानी व सर्दी से बचाव की समुचित व्यवस्था की गई। गोवंश की हालत अब स्थिर बताई जा रही है। इस सेवा कार्य में अमन कुमार पांचाल, अतू खां कायमखानी, सौरभ पांचाल, आजाद खां कायमखानी, मुंशी मंसूरी, एजाज कायमखानी, तथा पशुपालन विभाग से डॉ. सुशांत कुमार शर्मा, गौरव लक्षकार, पंकज धाबाई की सक्रिय भूमिका रही।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।